प्रेषक,

संदीप कुमार,
मुख्य अभियन्ता(गंगा)
सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश,
मेरठ।

प्रेषित,

मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण,
नई दिल्ली।

पत्रांक– नि 1640 /मु.अ.गंगा/ दिनांक– 19.10.2022

विषय :– मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली में योजित ओ0ए0 संख्या–277/2022 लियाकत अली व अन्य बनाम उ0प्र0 के सम्बन्ध में।

कृपया उपरोक्त विषयक मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली में विचाराधीन ओ0ए0 संख्या–277/2022 लियाकत अली व अन्य बनाम उ0प्र0 द्वारा विषयगत प्रकरण में पारित आदेश दिनांक 21.07.2022 के क्रम में मा0 अधिकरण के समक्ष अग्रिम सुनवाई की तिथि 21.10.2022 फरीदकोट हाउस, कॉपरनिकस मार्ग, नई दिल्ली में नियत है तथा मा0 अधिकरण के आदेशों के अनुपालना हेतु सिंचाई विभाग, उ0प्र0 से सम्बन्धित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए समुचित उत्तर प्रेषित कर प्रभावी पैरवी किये जाने की वांछना की गयी है।

मा0 अधिकरण के आदेश दिनांक 21.07.2022 के क्रम में अधिशासी अभियन्ता ,मुजफ्फरनगर खण्ड गंगा नहर, मुजफ्फरनगर के पत्र संख्या– सी 77/मुखगनमु/एन0जी0टी0, दिनांक 14.10.2022 द्वारा उपलब्ध करायी गयी आख्या से निम्नानुसार अवगत कराया गया है कि मा0 राष्ट्रीय अधिकरण में योजित ओ0ए0 संख्या–277/2022 लियाकत अली व अन्य बनाम उ0प्र0 राज्य में पारित आदेश दिनांक 21.07.2022 के सुसंगत अंश "....9. **Notice be also issued to Principal Secretary, Department of Irrigation and water Resources, Government of Uttar Pradesh, requiring him to file response regarding the functional status of Dhandhera drain and related aspects including its de-silting. Use of its discharge for irrigation, quality of discharge going to any river etc., within two months at judicial-ngt@gov.in preferably in the form of searchable PDF/OCR support PDF and not in the form of Image PDF."**

मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली के पारित आदेश दिनांक 21.07.2022 के अनुक्रम में अवगत कराना है कि धन्घेडा ड्रेन मुजफ्फरनगर खण्ड गंगा नहर, मुजफ्फरनगर के कार्यक्षेत्र में निहित है। धन्धेडा ड्रेन जनपद मुजफ्फरनगर में स्थित है। धन्धेडा ड्रेन की कुल लम्बाई 19.708 कि0मी0 एवं डिस्चार्ज 200 क्यूसेक है। ड्रेन का आउटफाल मुख्य मुजफ्फरनगर नाले में है। धन्धेडा ड्रेन के कि0मी0 12.800 के आस–पास पेपर बनाने की 13 फेक्ट्रिया स्थित है तथा 01 फेक्ट्री ड्रेन के कि0मी0 8.670 पर स्थित है, इस प्रकार ड्रेन पर कुल 14 फेक्ट्रिया स्थापित है। जिनका शोधित जल लगभग 10 क्यूसेक धन्धेडा ड्रेन में प्रवाहित होता है। धन्धेडा ड्रेन में वर्ष 2018–19 में नाले के टेल भाग में 3.00 कि0मी0 लम्बाई में, वर्ष 2019–20 में ड्रेन के टेल के 3.00 कि0मी0 भाग को छोडकर शेष लम्बाई 16.708 कि0मी0 में, वर्ष 2020–21 में कि0मी0 4.00 से कि0मी 10.200 तक (लम्बाई 6.200 कि0मी0) में सिल्ट सफाई का कार्य आवश्यकतानुसार सम्पादित कराया गया है।

पेज 02.... पर

वर्ष 2021–22 में कि0मी0 10.200 से 19.600 तक(कुल लम्बाई 9.400 कि0मी0) में सिल्ट सफाई का कार्य वर्षाकाल से पूर्व (30 जून 2021 से पहले) सम्पादित कराया गया। वर्षाकाल में ड्रेन के जलागम क्षेत्र(catchment area) का पानी सुचारू रूप से प्रवाहित करने के लिए ड्रेन की विभाग के द्वारा आवश्यकतानुसार नियमित सफाई करायी जाती है।

मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली के पारित आदेश दिनांक 21.07.2022 की अनुपालना के क्रम में धन्धेडा ड्रेन की सिल्ट सफाई का कार्य दिनांक 1 अक्टूबर,2022 से प्रारम्भ कर दिनांक 14 अक्टूबर 2022 तक पूर्ण करा दिया गया है । करायी गयी सिल्ट सफाई के कार्यों के फोटोग्राफ संलग्न है। ड्रेन में प्रवाहित होने वाले डिस्चार्ज का प्रयोग सिंचाई हेतु नहीं किया जाता है। ड्रेन के पानी की गुणवत्ता के विषय में अवगत कराना है कि धन्धेडा ड्रेन पर पेपर बनाने वाली 14 फेक्ट्रिया स्थित है। फेक्ट्रियों के द्वारा उत्सर्जित प्रदूषण के सत्यापन के लिए मा0 अधिकरण के द्वारा दिनांक 28.04.2022 में उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर की एक संयुक्त समिति का गठन किया गया। समिति को फेक्ट्रियों की वास्तविक स्थितियों का आंकलन कर Action Taken report दो माह में उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये। इसकी अनुपालना में गठित संयुक्त समिति द्वारा दिनांक 01.06.2022, 7.06.2022 व 10.06.2022 को फेक्ट्रियों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षणोपरान्त दिनांक 18.07.2022 में Action Taken report submit की गयी। समिति की समस्त 14 फेक्ट्रियों पर observations निम्नवत है :–

**1- The unit found operational at the time of inspection producing craft paper 220 MT/day by using waste paper as raw material.**

**2- The unit has Effluent Treatment Plant for treatment of polluted effluent generated from process which found operational at the time of inspection. During inspection sample of treated effluent being collected and analysed in Regional Laboratory, Muzaffarnagar. As per the analysis report, all parameters found within norms. At the end point of ETP, online Continuous Effluent Monitoring System has installed which is connected with the server of CPCB Delhi and UPPCB, Lucknow for continuous monitoring of discharged effluent, during inspection all the parameters displayed on the screen found within the stipulated norms.**

**3- During inspection, air pollution control system (Multi-Cyclone Dust Collector, Wet Scrubber) found operational. Unit has online continuous emission Monitoring system which is connected with the server of CPCB Delhi and UPPCB, Lucknow for continuous monitoring of emission emitted into ambient environment. During inspection all the parameters displayed on the screen found within the stipulated norms.**

पेज 3........पर

उपरोक्त से स्पष्ट है कि फेक्ट्रियों का शोधित जल ही धन्धेडा ड्रेन में प्रवाहित हो रहा है। विचाराधीन ओ0ए0 संख्या– 277/2022 लियाकत अली व अन्य बनाम उ0प्र0 में पारित आदेश दिनांक 21.07.2022 द्वारा दिय गये निर्देशों के कम में अनुपालन आख्या आपके समक्ष आवश्यक अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

19-10-22

**मुख्य अभियन्ता(गंगा)**
**सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग**
**उ0प्र0,मेरठ**

पत्रांक– नि 1640 /मु.अ.गंगा/तदिनांक 19.10.2022

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
2. सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड लखनऊ।
3. जिलाधिकारी, मुजफ्फरनगर।
4. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, सिंचाई एंव जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
5. संयुक्त सचिव, सिंचाई एवं जल संसाधन अनुभाग–4, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को उनके प0सं0–2288/22–27–सिं–4–12रिट एन0जी0टी0/2022, दिनांक 19.10.2022 के अनुपालन में।
6. क्षेत्रीय अधिकारी, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, मुजफ्फरनगर।
7. अधीक्षण अभियन्ता, प्रथम मण्डल सिंचाई कार्य, मेरठ।
8. अधिशासी अभियन्ता, मुजफ्फरनगर खण्ड गंगा नहर, मुजफ्फरनगर को उनके पत्र के कम में इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि विषयक प्रकरण पर यथाआवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।


**मुख्य अभियन्ता(गंगा)**
**सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग**
**उ0प्र0, मेरठ**

# मुजफ्फरनगर खण्ड गंगा नहर, मुजफ्फरनगर के अन्तर्गत डी–सिल्टिंग का कार्य

जनपद – मुजफ्फरनगर

नरा धन्धेडा दतियाना ड्रेन कि0मी0 1.500

कार्य से पूर्व




कार्य के उपरान्त



# मुजफ्फरनगर खण्ड गंगा नहर, मुजफ्फरनगर के अन्तर्गत डी–सिल्टिंग का कार्य

जनपद – मुजफ्फरनगर

नरा धन्धेड़ा दतियाना ड्रेन कि0मी0 2.800

कार्य से पूर्व



कार्य के उपरान्त



# मुजफ्फरनगर खण्ड गंगा नहर, मुजफ्फरनगर के अन्तर्गत डी–सिल्टिंग का कार्य

जनपद – मुजफ्फरनगर

नरा धन्धेडा दतियाना ड्रेन कि0मी0 3.700

कार्य से पूर्व




कार्य के उपरान्त




# मुजफ्फरनगर खण्ड गंगा नहर, मुजफ्फरनगर के अन्तर्गत डी–सिल्टिंग का कार्य


जनपद – मुजफ्फरनगर

नरा धन्धेडा दतियाना ड्रेन कि0मी0 13.500

कार्य से पूर्व




कार्य के उपरान्त



# मुजफ्फरनगर खण्ड गंगा नहर, मुजफ्फरनगर के अन्तर्गत डी–सिल्टिंग का कार्य

जनपद – मुजफ्फरनगर

नरा धन्धेडा दतियाना ड्रेन कि0मी0 16.700

कार्य से पूर्व




कार्य के उपरान्त

